दिनांकः 08.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नाम वापसी का आज आखिरी दिन–प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की तस्वीर होगी साफ।
- विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं का जोर–शोर से प्रचार अभियान जारी–आज भी कई स्थानों पर जनसभा का कार्यक्रम।
- सेना के तीनों अंगों का संयुक्त सम्मेलन ''परिवर्तन चिंतन'' आज नई दिल्ली में।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र का स्थापना दिवस आज–कई कार्यक्रमों का आयोजन।

...............

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। इसके साथ ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जाएगी। इस चरण में देश के 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इनमें टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

...............

लोकसभा चुनाव के तहत विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक पूरे जोर शोर से प्रचार में जुटे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा शाम को हनुमानगढ़ के संगरिया में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा करेंगे। उनके साथ पार्टी की प्रदेश चुनाव सहप्रभारी विजया राहटकर भी मौजूद रहेंगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बाड़मेर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे गुढामालानी के सोनड़ी में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर बाद श्री शर्मा जनप्रतिनिधि सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे वरिष्ठजनों से संवाद करेंगे। श्री शर्मा आज जैसलमेर में भी प्रबुद्धजन के साथ बैठक करेंगे। वे विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे।

इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी है कि कांग्रेस पार्टी इन लोकसभा चुनाव में बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र से और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी को समर्थन देगी।

इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता करेंगे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आज नीम का थाना के पाटन, झुंझुनूं के खेतड़ी, आमेर के जालसू और अलवर के किशनगढ़बास में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करेंगे।

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश दौरे का कार्यक्रम है। वे 11 अप्रैल को करौली में आमसभा करेंगे। उनका 12 अप्रैल को बाड़मेर में सभा को संबोधित करने और दौसा में रोड़ शो करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 11 अप्रैल को अनूपगढ़ और फलौदी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

...............

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के परिदृश्य में हम आपको आज बता रहे हैं टोंक–सवाईमाधोपुर सीट का हाल –

टोंक–सवाईमाधोपुर सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आज नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। अब तक कुल 16 उम्मीदवारों ने 20 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। चुनाव प्रचार, रैली और स्टार प्रचारकों की सभाएं होने के साथ ही मतदाताओं का रुझान, चुनाव के परिणाम का रुख तय करेगा। और ब्यौरा हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता से –

...............

निर्वाचन आयोग ने चुनावों में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए सोशल मीडिया पर विभिन्न पहलों और अभियानों की शुरुआत की है। आयोग मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए 'टर्निंग–18' और 'यू आर द वन' अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेन ज़ेड सामग्री का उपयोग कर रहा है।
टर्निंग–18 अभियान का मुख्य उद्देश्य चुनाव में युवा मतदाताओं को आकर्षित करना है। इसका उद्देश्य पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं की उदासीनता के मुद्दों का समाधान करना भी है।
'यू आर द वन' अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है।

...............

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से कल "आओ बूथ चलें अभियान" चलाया गया। ये अभियान प्रदेश में पहले चरण के तहत 12 लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से राज्य के हर मतदाता तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर मतदाता पर्ची और मार्गदर्शिका देकर अवश्य मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान शुरू होने के शुरूआती 2 घंटे में ही 52 लाख मतदाताओं को वोटर स्लिप का वितरण कर दिया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि 14 और 21 अप्रैल को भी प्रदेश में आओ बूथ चलें अभियान आयोजित किए जाएंगे।

...............

सेना के तीनों अंगों का एक दिन का संयुक्त सम्मेलन–परिवर्तन चिंतन आज नई दिल्ली में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य नये विचारों, नई पहलों और सुधारों पर ज़ोर देना है ताकि तीनों अंगों के बीच तालमेल को और बेहतर बनाया जा सके। सम्मेलन की अध्यक्षता रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान करेंगे। यह सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों, सैन्य कार्य विभाग और इंटीग्रेटिड डिफेंस स्टाफ के मुख्यालयों का पहला संयुक्त सम्मेलन होगा। सम्मेलन में विभिन्न स्तर के अधिकारी अपने अनुभव साझा करेंगे और एकीकृत व्यवस्था को कार्यरूप देने संबंधी सुझाव देंगे।
रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य के युद्धों के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं, इसे देखते हुए संयुक्त अभियान के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल को मज़बूत करने की पहल की जा रही हैं।

...............

भीलवाड़ा जिले में आसींद–राजसमंद राजमार्ग पर बाजुंदा चौराहे के पास कल रात एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को मृत्यु हो गयी और एक व्यक्ति घायल हो गया। उधर, बूंदी के तालेड़ा में मांगली नदी में कल नहाते समय पिता–पुत्र की डूबने से मौत हो गयी। पुत्र को डूबने से बचाने के लिए गहरे पानी में उतरने से पिता की मौत हुई।

...............

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र का आज स्थापना दिवस है। केन्द्र की स्थापना के 31 वर्ष पूरे होने के अवसर पर समारोह आयोजित किया जा रहा है। कल से शुरू हुए समारोह के पहले दिन शाम को मशहूर ग़ज़ल गायक मोहम्मद वकील और नवदीप झाला ने ग़ज़लों की प्रस्तुति दी।
केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने बताया कि आज रंगायन सभागार में लोक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें प्रसिद्ध गायिका सीमा मिश्रा अपने सुरीले गीतों से समां बांधेगी। वहीं केन्द्र के कृष्णायन में शाम को लोक कलाकार नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर आज से सात दिवसीय प्रदर्शनी भी लगायी जा रही है।

...............